# Press Release

## "International Yoga Day"



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**हजारीबाग:**
स्वामी धर्म बन्धु कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हज़ारीबाग के माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रातः 8:30 बजे ऑनलाइन योगाभ्यास एवं योग शिक्षण का लाइव प्रसारण किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने लाइव प्रसारण के साथ सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया तथा योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और सकारात्मक सोच का आधार है। योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास होता है तथा जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होता है।उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मियों से योग को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

Press Release Hazaribag, Date : 22.06.2026

For
Sanjay Agrawal
22/06/2026

**Principal**
Swami Dharmabandhu College of Education
Harhad, Mukundganj, Hazaribag